FORM N0. III

फर्द अहकाम

(नियम–26)

अज अदालत संभागीय आयुक्त मुकाम अजमेर

घेवरचन्द बनाम भंवरी व अन्य

किस्म मुकदमा/~~अपील~~/एलआर–75/नं0/2022/135 जिला अजमेर

तारीख हुक्म	हुक्म व कार्यवाही मय इनिशियल्स जज अपी0 अधि0 : पुष्पेन्द्र सिंह रावत	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
04.04.2022	पत्रावली पेश हुई। अपीलान्ट अधिवक्ता की ओर से ब्रिफ होल्डर ज्ञानसिंह रावत उपस्थित। यह बाजदायरी प्रार्थना–पत्र मूल अपील संख्या 06/2016(2016/00099) बउनवान घेवरचन्द बनाम भंवरी देवी व अन्य में निर्णय दिनांक 16.05.2019 को अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज किये जाने के आदेश के विरूद्व अपीलान्ट की ओर से अभिभाषक श्री पुष्पेन्द्र सिंह रावत द्वारा दिनांक 10.06.2019 को प्रस्तुत किया गया है। प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी के अभिभाषक को एक तरफा सुना गया। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर हो। अपीलान्ट अभिभाषक की प्रार्थना पत्र पर हुई बहस पर मनन किया तथा प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों का अवलोकन किया गया। न्यायहित मे अपीलान्ट का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। प्रार्थना पत्र सम्बंधित मूल अपील 06/2016(2016/00099) बउनवान घेवरचन्द बनाम भंवरी देवी व अन्य को पुनः नम्बर पर ली जाकर दर्ज रजिस्टर किये जाने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। संभागीय आयुक्त अजमेर	

Scanned with CamScanner